# *भारत का विदेश व्यापार 2009-10 (अप्रैल-मार्च)**

इस लेख में 2009-10 (अप्रैल-मार्च) के दौरान भारत के वणिक माल के व्यापार संबंधी कार्यनिष्पादन की समीक्षा वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएंडएस) द्वारा जारी आंकड़ों के आधार पर की गई है। अप्रैल-अक्तूबर 2009 के अलग-अलग जिंस-वार ब्योरों का विश्लेषण भी किया गया है।

## मुख्य-मुख्य बातें

- मार्च 2010 के दौरान 19.9 बिलियन अमरीकी डॉलर पर भारत के पण्य निर्यात में 54.1 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि इसकी तुलना में मार्च 2009 में 25.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। बारह महीने की लगातार गिरावट के बाद, निर्यात में अक्तूबर 2009 में टर्न-अराउंड आया और उसके बाद निर्यात में सकारात्मक वृद्धि बनी रही (नवम्बर 2009 से मार्च 2010 तक 31.4 प्रतिशत की औसत वृद्धि)।
- 2009-10 के दौरान 176.6 बिलियन अमरीकी डालर का निर्यात हुआ और 2008-09 के दौरान हुई 13.7 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 4.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।
- 27.7 बिलियन अमरीकी डॉलर पर मार्च 2010 में भारत के पण्य आयात में, मार्च 2009 में हुई 29.6 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में, 67.1 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गई। इसका कारण पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक (पीओएलए) और गैर पीओएल आयात दोनों में वृद्धि होना था। ग्यारह महीने की लगातार गिरावट के बाद, 2.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ नवंबर 2009 में आयात में टर्न-अराउंड आया। उसके बाद आयात में सकारात्मक वृद्धि बनी रही (दिसंबर 2009 से मार्च 2010 के दौरान 50.1 प्रतिशत की औसत वृद्धि)।
- 2009-10 के दौरान, 278.7 बिलियन अमरीकी डॉलर पर आयात में एक वर्ष पहले हुई 20.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 8.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

* आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग के अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग में तैयार किया गया। लेख का पिछला अंक भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के मई 2010 अंक में प्रकाशित हुआ है।


- 2009-10 के दौरान 85.5 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक (पीओएल) के आयात में, एक साल पहले हुई 17.6 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, 8.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो मुख्य रूप से इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में कटौती का परिणाम थी। 2009-10 के दौरान कच्चे तेल के भारतीय बास्केट की औसत कीमत 69.6 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल (50.1-78.0 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल के दायरे में) थी, जो 2008-09 के 82.7 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल (40.6 - 132.5 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल के दायरे में) की तुलना में 15.8 प्रतिशत कम थी ।
- 2009-10 के दौरान 193.2 बिलियन अमरीकी डॉलर पर गैर पीओएल आयात में, एक वर्ष पहले की 22.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, 8.0 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।
- 2009-10 के दौरान व्यापार घाटा 102.1 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो 2008-09 के 118.4 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 16.3 बिलियन अमरीकी डॉलर (13.8 प्रतिशत) की गिरावट दिखा रहा है, जो मुख्य रूप से तेल और गैर तेल आयात दोनों में हुई गिरावट का परिणाम है।
- अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान तेल खाते पर व्यापार घाटा 32.5 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो एक वर्ष पहले के 49.7 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 17.3 बिलियन अमरीकी डॉलर कम था। इस अवधि के दौरान गैर तेल खाते पर व्यापार घाटा 23.0 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो अप्रैल-अक्तूबर 2008 के 38.1 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 15.1बिलियन अमरीकी डॉलर कम था।

## 2009-10(अप्रैल-मार्च) के दौरान भारत का पण्य व्यापार

### *निर्यात*

मार्च 2010 में 19.9 बिलियन अमरीकी डॉलर पर भारत के पण्य निर्यात में, मार्च 2009 में दर्ज की गई 25.1 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में, 54.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (विवरण 1)। अक्तूबर 2008 से निर्यात में शुरू हुई गिरावट लगातार बारह महीने जारी रही। जून 2009 से निर्यात में गिरावट की दरें लगातार कम होती रहीं और अक्तूबर 2009 में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ निर्यात में टर्न-अराउंड आया। उसके बाद निर्यात में सकारात्मक वृद्धि जारी रही (नवम्बर 2009 से मार्च 2010 के दौरान 31.4 प्रतिशत की औसत वृद्धि) [चार्ट 1] ।

**चार्ट 1: निर्यात, आयात और व्यापार शेष**



इसके अलावा, दुनिया की पण्य कीमतों में उछाल के साथ निर्यात में वृद्धि बनी रही। 2009-10 के दौरान समग्र निर्यात 176.6 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो 2008-09 के दौरान हुई 13.7 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 4.7 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है [ सारणी 1 और विवरण 2]।

अप्रैल-अक्तूबर 2009 के लिए डीजीसीआइएण्डएस द्वारा जारी पण्यवार निर्यात आंकड़ों से पता चला कि 67.3 प्रतिशत पर विनिर्मित वस्तुओं का हिस्सा सर्वाधिक बना रहा, जिसके बाद पेट्रोलियम उत्पादों (14.2 प्रतिशत) तथा प्राथमिक उत्पादों (13.3 प्रतिशत) का स्थान था। इसके अलावा, विनिर्मित माल तथा प्राथमिक उत्पाद का हिस्सा बढ़ गया, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों के हिस्से में गिरावट देखी गई (सारणी 2)।

अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान, सभी प्रमुख पण्य समूहों के निर्यात में गिरावट आई (विवरण 3)। अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान प्राथमिक उत्पादों के निर्यात में उसके प्रमुख घटकों में आई गिरावट के कारण 22.7 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि एक साल पहले 28.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। प्राथमिक उत्पादों के भीतर, 8.5 बिलियन अमरीकी डालर पर कृषि तथा संबद्ध उत्पादों के निर्यात में 25.5 प्रतिशत की गिरावट आई (पिछले साल की तदनुरूपी अवधि के दौरान 36.8

**सारणी 1: भारत का पण्य व्यापार: अप्रैल-मार्च**

(बिलियन अमरीकी डॉलर)

| मदें | 2008-09 सं | | 2009-10 अ | |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | | |
| 1 | 2 | | 3 | |
| **निर्यात** | | **185.3 (13.7)** | | **176.6 (-4.7)** |
| तेल निर्यात | 26.8 (-5.4) | | .. | |
| गैर तेल निर्यात | 158.5 (17.8) | | .. | |
| **आयात** | | **303.7 (20.8)** | | **278.7 (-8.2)** |
| तेल आयात | 93.7 (17.6) | | 85.5 (-8.7) | |
| गैर तेल आयात | 210.0 (22.3) | | 193.2 (-8.0) | |
| **व्यापार शेष** | | **-118.4** | | **-102.1** |
| तेल व्यापार शेष | -66.8 | | .. | |
| गैर तेल व्यापार शेष | -51.6 | | .. | |

सं: संशोधित अ: अनंतिम. ..उपलब्ध नहीं है।

**नोट** : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में प्रतिशत बदलाव दर्शाते हैं।

**स्रोत** : वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा डीजीसीआइएंडएस आंकड़ों से संकलित।

**सारणी 2: भारत की प्रमुख जिंसों का निर्यात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| जिंस समूह | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल-अक्तूबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **16.9** | **13.7** | **13.2** | **13.3** |
| कृषि और संबद्ध उत्पाद | 11.3 | 9.5 | 9.3 | 9.0 |
| अयस्क और खनिज | 5.6 | 4.2 | 3.9 | 4.2 |
| **II. विनिर्मित माल** | **63.2** | **66.5** | **65.3** | **67.3** |
| चमड़े और विनिर्मित वस्तुएं | 2.2 | 1.9 | 1.8 | 2.0 |
| रसायन और संबंधित उत्पाद | 13.0 | 12.3 | 11.8 | 12.9 |
| इंजीनियरिंग सामान | 22.9 | 25.5 | 25.0 | 23.3 |
| वस्त्र और वस्त्र उत्पाद | 11.9 | 10.8 | 9.8 | 11.4 |
| रत्न और आभूषण | 12.1 | 15.1 | 16.0 | 16.7 |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **17.4** | **14.5** | **16.9** | **14.2** |
| **IV. अन्य** | **2.5** | **5.3** | **4.6** | **5.2** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत** : डीजीसीआइएण्डएस आंकड़ों से संकलित।

प्रतिशत की वृद्धि हुई थी)। ऐसा उसके अधिकांश घटकों में आई गिरावट के कारण हुआ। अयस्क तथा खनिज के निर्यात में मुख्य रूप से प्रसंस्कृत खनिजों में आई गिरावट के कारण 16.1 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले 12.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान 63.5 बिलियन अमरीकी डालर पर विनिर्मित माल के निर्यात में, एक साल पहले हुई 39.3 प्रतिशत की उच्च वृद्धि के विपरीत, 20.9 प्रतिशत की गिरावट आई जिसका कारण उसके प्रमुख घटकों में कमी होना था। विनिर्मित माल के भीतर, 22.0 बिलियन अमरीकी डालर पर इंजीनियरिंग माल के निर्यात में एक साल पहले हुई 51.2 प्रतिशत की उच्च वृद्धि की तुलना में 28.7 प्रतिशत की गिरावट आई। इस अवधि के दौरान इंजीनियरिंग माल के सभी प्रमुख घटकों यथा मशीनरी और उपकरण, धातु निर्माण, परिवहन उपस्कर, इलेक्ट्रॉनिक माल तथा लोहा और इस्पात में गिरावट देखी गई।

अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान 15.7 बिलियन अमरीकी डालर पर रत्न और आभूषणों के निर्यात में 19.8 प्रतिशत की तीव्र गिरावट दर्ज की गई जबकि पिछले साल की तदनुरूप अवधि के दौरान 67.0 प्रतिशत की उच्च वृद्धि हुई थी। अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान 12.2 बिलियन अमरीकी डालर पर रसायन और संबद्ध उत्पादों के निर्यात में 15.8 प्रतिशत की गिरावट देखी गई (अप्रैल-अक्तूबर 2008 में 26.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी)। रसायन तथा संबद्ध उत्पादों के निर्यात में आई गिरावट की अगुवाई उसके सबसे बड़े घटक अर्थात 'मूल रसायन, औषध तथा प्रसाधन सामग्री' और अन्य घटकों की निर्यात में आई गिरावट ने की। अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान 10.8 बिलियन अमरीकी डालर पर वस्त्र और वस्त्र उत्पाद के निर्यात में 10.5 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले 10.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इसका कारण उसके प्रमुख घटकों यथा तैयार वस्त्र एवं सूती धागे, कपड़े, निर्मित वस्त्र के निर्यात में आई गिरावट थी।

अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान 13.4 बिलियन अमरीकी डालर पर पेट्रोलियम के उत्पाद के निर्यात में, एक साल पहले हुई 37.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, 35.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। ऐसा अप्रैल-अक्तूबर 2008 की तुलना में अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान वैश्विक तेल कीमतों में आई तेज गिरावट के बाद हुआ (चार्ट 3)। तथापि, इस अवधि के दौरान इन निर्यातों की मात्रा में 9.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इसकी तुलना में अप्रैल-अक्तूबर 2008 के दौरान 9.7 प्रतिशत की गिरावट हुई थी।

गंतव्यवार, अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान क्षेत्रों के बीच विकासशील देश तथा ओईसीडी देश भारत के निर्यात के प्रमुख बाजार थे तथा इनका हिस्सा क्रमशः 37.1 प्रतिशत तथा 36.7 प्रतिशत था (सारणी 3)। दूसरा बड़ा अंशदान ओपेक देशों का था जिनका हिस्सा 22.3 प्रतिशत था। अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान, ओईसीडी तथा ओपेक के हिस्सों में वृद्धि हुई, जबकि विकासशील देशों के हिस्से में गिरावट आई। देशवार, अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान भारत के कुल निर्यात में 13.6 प्रतिशत के हिस्से के साथ यूएई भारत का सबसे बड़ा गंतव्य देश था, जिसके बाद यूएस (11.3 प्रतिशत), चीन (5.1 प्रतिशत), हांगकांग (4.5 प्रतिशत), सिंगापुर (4.0 प्रतिशत), नीदरलैंड (4.0 प्रतिशत), यू.के.(3.6 प्रतिशत) तथा जर्मनी (3.0 प्रतिशत) का स्थान था। अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान भारत के निर्यात की दिशा से यह स्पष्ट होता है कि सभी प्रमुख बाजारों यथा यूरोपीयन यूनियन, ओपेक तथा विकासशील देशों को निर्यात में गिरावट आई (विवरण 4)।

### *आयात*

27.7 बिलियन अमरीकी डालर पर मार्च 2010 के दौरान आयात में 67.1 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दिखाई दी जबकि इसकी तुलना में मार्च 2009 में 29.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। इसका कारण पेट्रोलियम,

**सारणी 3: प्रमुख क्षेत्रों को भारत के निर्यात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| क्षेत्र/देश | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल-अक्तूबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. ओईसीडी देश** | **39.5** | **36.9** | **35.9** | **36.7** |
| यूरोपीय संघ | 21.2 | 21.0 | 20.2 | 20.4 |
| उत्तरी अमरीका | 13.5 | 12.1 | 11.9 | 11.9 |
| अमरीका | 12.7 | 11.3 | 11.2 | 11.3 |
| एशिया और ओशेनिया | 3.2 | 2.5 | 2.4 | 3.0 |
| अन्य ओईसीडी देश | 1.6 | 1.4 | 1.4 | 1.3 |
| **II. ओपेक** | **16.6** | **21.0** | **22.1** | **22.3** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1.1** | **1.1** | **1.1** | **1.0** |
| **IV. विकासशील देश** | **42.5** | **37.0** | **37.5** | **37.1** |
| एशिया | 31.6 | 27.7 | 27.4 | 28.0 |
| सार्क | 5.9 | 4.6 | 4.6 | 4.5 |
| अन्य एशियाई विकासशील देश | 25.7 | 23.1 | 22.8 | 23.4 |
| पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना | 6.6 | 5.0 | 4.3 | 5.1 |
| अफ्रीका | 7.5 | 6.2 | 6.7 | 6.3 |
| लैटिन अमरीका | 3.4 | 3.1 | 3.5 | 2.9 |
| **V. अन्य/ अविनिर्दिष्ट** | **0.3** | **4.0** | **3.4** | **2.9** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत** : डीजीसीआइएण्डएस आंकड़ों से संकलित।

तेल और स्नेहक (पीओएल) तथा गैर-पीओएल आयात दोनों में हुई वृद्धि था (विवरण 1)। दिसंबर 2008 से आयात गिरने लगे। ग्यारह महीनों की लगातार गिरावट के बाद, 2.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ नवंबर 2009 में आयातों में टर्नअराउंड आया। उसके बाद आयातों में सकारात्मक वृद्धि बनी रही (दिसंबर 2009 से मार्च 2010 के दौरान 50.1 प्रतिशत की औसत वृद्धि) । 2009-10 के दौरान, 278.7 बिलियन अमरीकी डालर पर समग्र आयात में 8.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई (एक साल पहले 20.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी) [सारणी 1 तथा विवरण 2]।

2009-10 में 85.5 बिलियन यूएस डालर पर पीओएल आयात में, एक साल पहले हुई 17.6 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, 8.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण वर्ष के दौरान अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में आई कमी था। 2009-10 के दौरान कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का औसत मूल्य 69.6 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल (50.1-78.0 अमरीकी डालर प्रति बैरल के दायरे में) था, जो 2008-09 के 82.7 अमरीकी डालर प्रति बैरल (40.6-132.5 अमरीकी डालर प्रति बैरल के दायरे में) की तुलना में 15.8 प्रतिशत कम था (सारणी 4)। 193.2 बिलियन अमरीकी डालर पर गैर-पीओएल आयात में 2009-10 के दौरान 8.0 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि इसकी तुलना में 2008-09 में 22.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

अप्रैल-अक्तूबर 2009 के लिए पण्यवार आयात संबंधी आंकड़े यह दर्शाते हैं कि 45.8 बिलियन अमरीकी डालर पर पीओएल आयात में एक साल पहले हुई 71.6 प्रतिशत की उच्च वृद्धि की तुलना में 35.0 प्रतिशत की

**सारणी 4: कच्चे तेल के मूल्यों का रुझान**

(अमरीकी डॉलर / बैरल)

| वर्ष | दुबई | ब्रेंट | डब्ल्यूटीआइ* | भारतीय बास्केट** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 39.2 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.7 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.4 |
| 2007-08 | 77.3 | 82.4 | 82.3 | 79.5 |
| 2008-09 | 82.1 | 84.7 | 85.8 | 82.7 |
| 2009-10 | 69.6 | 69.8 | 70.6 | 69.6 |
| मार्च 2009 | 45.6 | 46.8 | 47.5 | 46.1 |
| मार्च 2010 | 77.4 | 79.3 | 81.3 | 78.1 |

* : पश्चिम टेक्सास मध्यवर्ती।

** : 1 अप्रैल 2009 से कच्चे तेल की भारतीय बास्केट संरचना में 63.5:36.5 के अनुपात में खट्टे ग्रेड के लिए ओमान और दुबई के औसत और मीठे ग्रेड के लिए ब्रेंट (दिनांकित) को दर्शाया गया है।

**स्रोत :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, *अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी*, अप्रैल 2010 के लिए विश्व बैंक का पण्य मूल्य पिंक शीट, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार।

गिरावट आई, जिसका कारण इस अवधि के दौरान कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हुई तीव्र कटौती था (विवरण 5)। तथापि, पीओएल आयात की मात्रा में एक साल पहले हुई 8.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 14.0 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान 104.0 बिलियन अमरीकी डालर पर गैर पीओएल आयात में 25.9 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि 2008 की तदनुरूप अवधि में 40.3 प्रतिशत की उच्च वृद्धि हुई थी। गैर पीओएल आयात में आई मंदी का मुख्य कारण निम्नलिखित के आयात में हुई तीव्र गिरावट था - पूंजीगत माल (अप्रैल-अक्तूबर 2008 में हुई 46.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 24.1 प्रतिशत की गिरावट) मोती, बहुमूल्य और अर्ध-बहुमूल्य पत्थर (अप्रैल-अक्तूबर 2008 में हुई 112.1 प्रतिशत की उच्च वृद्धि की तुलना में 39.1 प्रतिशत की गिरावट), स्वर्ण और चांदी (अप्रैल-अक्तूबर 2008 में हुई 31.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 16.3 प्रतिशत की गिरावट), उर्वरक, अलौह धातु, रसायन, लोहा एवं इस्पात, धातुमय अयस्क और धातु स्क्रैप तथा कोयला, कोक और ब्रिकेट। तथापि, खाद्य तेल, दाल और परियोजनागत माल के आयातों में उच्च वृद्धि देखी गई। अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान कुल आयात में पूंजीगत माल, सोना और चांदी, कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन, कोयला, कोक और ब्रिकेट तथा लोहा और इस्पात के हिस्से में वृद्धि हुई, जबकि पेट्रोलियम, कच्चे तेल और उत्पाद, मोती, बहुमूल्य और अर्ध-बहुमूल्य पत्थर तथा उर्वरकों के हिस्से में गिरावट आई (सारणी 5)।

**सारणी 5: प्रमुख जिंसों के आयात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य/समूह | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल- मार्च | | अप्रैल-अक्तूबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. पेट्रोलियम, कच्चे तेल और उत्पाद | 31.7 | 30.1 | 33.5 | 30.6 |
| 2. पूंजीगत माल | 27.9 | 23.6 | 21.4 | 22.9 |
| 3. सोना और चांदी | 7.1 | 7.2 | 7.9 | 9.4 |
| 4. कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन | 3.9 | 4.0 | 4.2 | 4.4 |
| 5. कोयला, कोक और ब्रिकेट, आदि | 2.6 | 3.3 | 3.2 | 3.3 |
| 6. उर्वरक | 2.2 | 4.5 | 4.9 | 2.7 |
| 7. लौह धातु अयस्क, धातु स्क्रैप, आदि | 3.1 | 2.6 | 2.7 | 2.5 |
| 8. लोहा और इस्पात | 3.5 | 3.1 | 2.9 | 3.0 |
| 9. मोती, बहुमूल्य और अर्द्ध कीमती पत्थर | 3.2 | 5.5 | 5.5 | 4.7 |
| 10. अन्य | 14.8 | 16.1 | 13.8 | 16.5 |
| **कुल आयात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत** : डीजीसीआइएण्डएस आंकड़ों से संकलित।

**सारणी 6: भारत के आयात में समूहों/देशों के हिस्से**

(प्रतिशत हिस्सा)

| क्षेत्र / देश | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल-अक्तूबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. ओईसीडी देश** | **35.4** | **31.7** | **31.2** | **32.4** |
| यूरोपीय संघ | 15.3 | 13.9 | 13.2 | 13.4 |
| फ्रांस | 2.5 | 1.5 | 1.4 | 1.1 |
| जर्मनी | 3.9 | 3.9 | 3.4 | 3.7 |
| यूके | 2.0 | 1.9 | 1.9 | 1.6 |
| उत्तरी अमरीका | 9.1 | 6.9 | 6.5 | 6.6 |
| अमरीका | 8.4 | 6.1 | 5.8 | 5.9 |
| एशिया और ओशेनिया | 5.8 | 6.3 | 6.1 | 6.9 |
| अन्य ओईसीडी देश | 5.2 | 4.6 | 5.3 | 5.5 |
| **II. ओपेक** | **30.7** | **32.1** | **35.0** | **31.2** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1.5** | **2.2** | **2.2** | **2.4** |
| **IV. विकासशील देश** | **31.5** | **31.9** | **31.1** | **33.3** |
| एशिया | 25.5 | 25.9 | 25.2 | 26.6 |
| सार्क | 0.8 | 0.6 | 0.6 | 0.6 |
| अन्य एशियाई विकासशील देश | 24.7 | 25.3 | 24.6 | 26.0 |
| *जिनमें से:* | | | | |
| पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना | 10.8 | 10.6 | 10.2 | 11.6 |
| अफ्रीका | 3.7 | 4.1 | 4.2 | 4.4 |
| लैटिन अमरीका | 2.3 | 1.9 | 1.7 | 2.4 |
| **V. अन्य/ अविनिर्दिष्ट** | **0.9** | **2.1** | **0.5** | **0.7** |
| **कुल आयात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत** : डीजीसीआइएण्डएस आंकड़ों से संकलित।

स्रोतवार, अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान भारत के कुल आयात में विकासशील देशों का हिस्सा सर्वाधिक (33.3 प्रतिशत) था, जिसके बाद ओईसीडी देशों (32.4 प्रतिशत) तथा ओपेक (31.2 प्रतिशत) का स्थान था [सारणी 6]। इस दौरान विकासशील देशों तथा ओईसीडी देशों का हिस्सा बढ़ गया, जबकि ओपके का हिस्सा कम हो गया। देशवार, कुल आयातों में 11.6 प्रतिशत हिस्से के साथ चीन आयात का अकेला सबसे बड़ा स्रोत बना रहा, जिसके बाद यूएस (5.9 प्रतिशत), यूएई (5.9 प्रतिशत), सऊदी अरब (5.8 प्रतिशत), स्विटजरलैंड (4.5 प्रतिशत), ईरान (4.4 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (4.3 प्रतिशत) तथा जर्मनी (3.7 प्रतिशत) का स्थान था। अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान भारत के आयात की दिशा से यह स्पष्ट हुआ कि सभी प्रमुख क्षेत्रों से आयात में गिरावट आई (विवरण 6)।

## व्यापार घाटा


2009-10 के दौरान व्यापार घाटा 102.1 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो एक साल पहले के 118.4 बिलियन अमरीकी डालर की तुलना में 16.3 बिलियन अमरीकी डालर (13.8 प्रतिशत) कम था, जिसका कारण उस अवधि के दौरान निर्यात की तुलना में आयात में हुई अपेक्षाकृत बड़ी गिरावट था (विवरण 2 तथा चार्ट 1)।

अप्रैल-अक्तूबर 2009 के दौरान तेल खाते पर व्यापार घाटा 32.5 बिलियन अमरीकी डालर था, जो एक साल पहले के 49.7 बिलियन अमरीकी डालर की तुलना में 17.3 बिलियन अमरीकी डालर कम था। इस अवधि के दौरान गैर तेल खाते पर व्यापार घाटा 23.0 बिलियन अमरीकी डालर था, जो अप्रैल-अक्तूबर 2008 के 38.1 बियिलन अमरीकी डालर की तुलना में 15.1 बिलियन अमरीकी डालर कम था।

## वैश्विक व्यापार

विश्व पण्य निर्यात, जिसमें वैश्विक आर्थिक संकट के परिणामस्वरूप नवंबर 2008 से गिरावट आई, गिरावट की दरों में कमी के साथ मई 2009 से सुधरने लगा और नवम्बर 2009 में उसमें टर्न-अराउंड आया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की अंतरराष्ट्रीय वित्त सांख्यिकी (आइएफएस) से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2010 में विश्व निर्यात में 20.4 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। यह वैश्विक पण्य कीमतों में हुई वृद्धि के अनुरूप था। मई 2009 से नवंबर 2009 के दौरान वैश्विक निर्यात तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं और उभरती एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्यात के बीच मजबूत अभिसरण रहा है (चार्ट 2)। जनवरी 2010 के दौरान वैश्विक पण्य निर्यात में, डॉलर के रूप में, 20.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि जनवरी 2009 में 28.6 प्रतिशत की गिरावट आयी थी (सारणी 7)। उसी माह के दौरान उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के निर्यात में, 2009 की इसी अवधि में हुई 30.5 प्रतिशत की गिरावट के विपरीत, 18.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और उभरती एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्यात में जनवरी 2009 में हुई 26.0 प्रतिशत की गिरावट के विपरीत 24.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**चार्ट 2: विश्व निर्यात वृद्धि की प्रवृत्तियां**




**सारणी 7: निर्यात में वृद्धि - वैश्विक परिदृश्य**

(प्रतिशत)

| क्षेत्र / देश | 2008 | 2009 | 2009 | 2010 |
|---|---|---|---|---|
| | जनवरी-दिसम्बर | | जनवरी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **विश्व** | **16.1** | **-21.4** | **-28.6** | **20.4** |
| **उन्नत अर्थव्यवस्थाएं** | **10.9** | **-21.2** | **-30.5** | **18.5** |
| अमरीका | 11.9 | -18.8 | -20.6 | 18.3 |
| फ्रांस | 10.1 | -22.2 | -32.2 | 0.1* |
| जर्मनी | 9.6 | -22.3 | -30.4 | 6.7 |
| जापान | 12.3 | -26.1 | -40.6 | 39.8 |
| **उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं** | **25.6** | **-21.9** | **-26.0** | **24.9** |
| सिंगापुर | 13.0 | -20.2 | -40.2 | 46.0 |
| चीन | 17.3 | -15.9 | -17.5 | 21.0 |
| भारत | 29.7 | -16.5 | -20.2** | 35.9** |
| इंडोनेशिया | 24.4 | -19.4 | -34.9 | 40.1 |
| कोरिया | 13.6 | -14.3 | -34.5 | 45.8 |
| मलेशिया | 19.1 | -24.9 | -33.9 | 44.8 |
| थाईलैंड | 12.9 | -12.0 | -28.3 | 33.2 |


* : दिसंबर 2008 की तुलना में दिसंबर 2009। ** : पिछले साल की तदनुरूप अवधि की तुलना में जनवरी-मार्च।

**स्रोत:** 1. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (www.imfstatistics.org).
2. भारत के लिए डीजीसीआइएंडएस।

## वैश्विक पण्य मूल्य

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आइएफएस के अनुसार, अक्तूबर 2008 से गिर रहे वैश्विक पण्य मूल्यों में बाद के महीनों में काफी उच्च दर से गिरावट देखी गयी। हालांकि, अगस्त 2009 से कीमतों में गिरावट की दर उत्तरोत्तर कम हुई और नवंबर 2009से पण्य मूल्यों में, वास्तव में, वृद्धि दिखायी दी। मार्च 2010 में, पण्य मूल्यों में 45.9 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई दी (चार्ट 3)। इस माह के दौरान ऊर्जा, खाद्य और धातुओं की कीमतें क्रमशः 55.9 प्रतिशत, 11.2 प्रतिशत और 62.0 प्रतिशत बढ़ीं।

**चार्ट 3: वैश्विक पण्य मूल्य**



**विवरण 1: भारत का विदेश व्यापार - मार्च 2010**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार शेष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | गैर तेल | कुल | तेल | गैर तेल | कुल | तेल | गैर तेल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2007-08 | 69,630 | 10,474 | 59,157 | 95,134 | 36,625 | 58,509 | -25,504 | -26,152 | 648 |
| | (23.0) | (45.2) | (19.7) | (26.1) | (70.2) | (8.5) | | | |
| 2008-09 सं | 66,169 | 7,801 | 58,368 | 85,022 | 21,387 | 63,635 | -18,853 | -13,586 | -5,267 |
| | (-5.0) | (-25.5) | (-1.3) | (-10.6) | (-41.6) | (8.8) | | | |
| 2009-10 अ | 90,573 | .. | .. | 126,175 | 35,170 | 91,005 | -35,602 | .. | .. |
| | (36.9) | | | (48.4) | (64.4) | (43.0) | | | |
| **मिलियन यूएस डालर** | | | | | | | | | |
| 2007-08 | 17,254 | 2,595 | 14,659 | 23,574 | 9,076 | 14,498 | -6,320 | -6,480 | 161 |
| | (34.1) | (58.4) | (30.6) | (37.6) | (85.6) | (18.4) | | | |
| 2008-09 सं | 12,916 | 1,523 | 11,394 | 16,597 | 4,175 | 12,422 | -3,680 | -2,652 | -1,028 |
| | (-25.1) | (-41.3) | (-22.3) | (-29.6) | (-54.0) | (-14.3) | | | |
| 2009-10 अ | 19,908 | .. | .. | 27,733 | 7,730 | 20,003 | -7,825 | .. | .. |
| | (54.1) | | | (67.1) | (85.2) | (61.0) | | | |

अ: अनंतिम    सं: संशोधित    ..: उपलब्ध नहीं

**नोट** : कोष्ठकों के आंकड़े पिछले साल की तदनुरूप अवधि की तुलना में प्रतिशत घटबढ़ से संबंधित हैं।

**स्रोत** : प्रेस विज्ञप्ति, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा डीजीसीआइएंडएस ।

**विवरण 2: भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार शेष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | गैर तेल | कुल | तेल | गैर तेल | कुल | तेल | गैर तेल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल-मार्च** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2007-08 | 655,864<br>(14.7) | 114,192<br>(35.1) | 541,672<br>(11.2) | 1,012,312<br>(20.4) | 320,655<br>(24.0) | 691,657<br>(18.9) | -356,448 | -206,463 | -149,985 |
| 2008-09 सं | 840,754<br>(28.2) | 123,398<br>(8.1) | 717,356<br>(32.4) | 1,374,434<br>(35.8) | 419,946<br>(31.0) | 954,488<br>(38.0) | -533,680 | -296,548 | -237,132 |
| 2009-10 अ | 835,264<br>(-0.7) | .. | .. | 1,318,188<br>(-4.1) | 404,021<br>(-3.8) | 914,166<br>(-4.2) | -482,924 | .. | .. |
| **मिलियन यूएस डालर** | | | | | | | | | |
| 2007-08 | 162,904<br>(28.9) | 28,363<br>(52.2) | 134,541<br>(24.8) | 251,439<br>(35.4) | 79,645<br>(39.9) | 171,795<br>(33.4) | -88,535 | -51,281 | -37,254 |
| 2008-09 सं | 185,295<br>(13.7) | 26,830<br>(-5.4) | 158,466<br>(17.8) | 303,696<br>(20.8) | 93,667<br>(17.6) | 210,029<br>(22.3) | -118,401 | -66,838 | -51,564 |
| 2009-10 अ | 176,574<br>(-4.7) | .. | .. | 278,681<br>(-8.2) | 85,473<br>(-8.7) | 193,208<br>(-8.0) | -102,106 | .. | .. |

अ: अनंतिम    सं: संशोधित    ..:उपलब्ध नहीं

**नोट** : 1. कोष्ठकों के आंकड़े पिछले साल की तदनुरूप अवधि की तुलना में प्रतिशत घटबढ़ से संबंधित हैं।
2. अवधि की औसत विनिमय दरों का उपयोग करके आंकड़ा संपरिवर्तन किया गया है।

**स्रोत** : प्रेस विज्ञप्ति, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा डीजीसीआइएंडएस।

## विवरण 3: भारत की प्रमुख जिंसों का निर्यात

(मिलियन यूएस डॉलर)

| पण्य / समूह | अप्रैल-अक्तूबर | | | प्रतिशत घटबढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **12,611.8** | **16,200.9** | **12,520.8** | **28.5** | **-22.7** |
| | **(14.3)** | **(13.2)** | **(13.3)** | | |
| **क. कृषि एवं संबद्ध उत्पाद** | **8,377.0** | **11,456.8** | **8,538.6** | **36.8** | **-25.5** |
| *जिसमें से:* | **(9.5)** | **(9.3)** | **(9.0)** | | |
| 1. चाय | 284.0 | 372.0 | 335.1 | 31.0 | -9.9 |
| 2. कॉफ़ी | 242.1 | 326.5 | 223.4 | 34.9 | -31.6 |
| 3. चावल | 1,375.2 | 1,503.7 | 1,428.0 | 9.3 | -5.0 |
| 4. गेहूँ | 0.0 | 0.1 | 0.0 | - | - |
| 5. कच्ची रूई, बेकार पदार्थ सहित | 294.7 | 386.2 | 361.8 | 31.1 | -6.3 |
| 6. तंबाकू | 277.2 | 452.9 | 557.9 | 63.4 | 23.2 |
| 7. काजू, सीएनएसएल सहित | 303.6 | 424.1 | 340.2 | 39.7 | -19.8 |
| 8. मसाले | 758.1 | 879.8 | 702.2 | 16.1 | -20.2 |
| 9. खली | 555.0 | 1,225.3 | 800.4 | 120.8 | -34.7 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 1,076.0 | 980.8 | 952.2 | -8.8 | -2.9 |
| 11. चीनी और शीरा | 718.0 | 974.5 | 14.8 | 35.7 | -98.5 |
| **ख. अयस्क और खनिज** | **4,234.8** | **4,744.1** | **3,982.2** | **12.0** | **-16.1** |
| *जिसमें से:* | **(4.8)** | **(3.9)** | **(4.2)** | | |
| 1. लौह अयस्क | 2,320.4 | 2,559.4 | 2,543.2 | 10.3 | -0.6 |
| 2. संसाधित खनिज | 736.7 | 934.0 | 690.8 | 26.8 | -26.0 |
| **II. विनिर्मित माल** | **57,620.3** | **80,289.0** | **63,529.2** | **39.3** | **-20.9** |
| *जिसमें से:* | **(65.3)** | **(65.3)** | **(67.3)** | | |
| **क. चमड़ा और विनिर्मित वस्तुएं** | **1,997.0** | **2,267.9** | **1,854.7** | **13.6** | **-18.2** |
| **ख. रसायन और संबंधित उत्पाद** | **11,427.6** | **14,464.2** | **12,182.2** | **26.6** | **-15.8** |
| 1. बुनियादी रसायन, औषध और प्रसाधन सामग्री | 7,453.6 | 9,704.9 | 8,402.0 | 30.2 | -13.4 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 1,868.8 | 2,088.8 | 1,778.1 | 11.8 | -14.9 |
| 3. रबर, ग्लास, पेंट्स और एनामेल आदि, | 1,632.7 | 1,930.4 | 1,462.5 | 18.2 | -24.2 |
| 4. अवशिष्ट रसायन एवं संबद्ध उत्पाद | 472.5 | 740.1 | 539.6 | 56.6 | -27.1 |
| **ग. इंजीनियरिंग सामान** | **20,379.7** | **30,810.5** | **21,973.5** | **51.2** | **-28.7** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. धातुओं की विनिर्मित वस्तुएं | 3,772.1 | 4,726.0 | 3,132.6 | 25.3 | -33.7 |
| 2. मशीनरी और उपकरण | 4,933.5 | 6,764.8 | 5,413.6 | 37.1 | -20.0 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 3,704.4 | 6,702.8 | 5,884.4 | 80.9 | -12.2 |
| 4. लोहा और इस्पात | 3,108.9 | 4,559.0 | 1,805.7 | 46.6 | -60.4 |
| 5. इलेक्ट्रॉनिक सामान | 1,820.7 | 4,271.3 | 3,626.1 | 134.6 | -15.1 |
| **घ. वस्त्र और वस्त्र उत्पाद** | **10,930.7** | **12,056.4** | **10,791.2** | **10.3** | **-10.5** |
| 1. रूई के धागे, कपड़े, निर्मित वस्त्र आदि | 2,589.9 | 2,698.7 | 1,875.9 | 4.2 | -30.5 |
| 2. प्राकृतिक सिल्क धागे, कपड़े, निर्मित वस्त्र आदि (बर्बाद रेशम सहित) | 222.9 | 235.8 | 172.2 | 5.8 | -27.0 |
| 3. मानव निर्मित धागे, कपड़े, निर्मित वस्त्र आदि | 1,643.8 | 1,956.6 | 2,034.6 | 19.0 | 4.0 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल रेशे | 139.4 | 182.8 | 185.7 | 31.1 | 1.6 |
| 5. ऊनी धागा, कपड़े, निर्मित वस्त्र आदि | 49.4 | 60.9 | 51.0 | 23.3 | -16.2 |
| 6. रेडीमेड गारमेंट्स | 5,457.4 | 6,120.0 | 5,870.2 | 12.1 | -4.1 |
| 7. जूट और जूट की विनिर्मित वस्तुएं | 190.8 | 208.3 | 128.9 | 9.2 | -38.1 |
| 8. कॉयर और कॉयर की विनिर्मित वस्तुएं | 91.8 | 91.5 | 94.1 | -0.3 | 2.8 |
| 9. कालीनें | 545.3 | 501.8 | 378.6 | -8.0 | -24.5 |
| (क) हस्त कालीन | 536.3 | 497.7 | 374.1 | -7.2 | -24.8 |
| (ख) मिल में बनी कालीन | 0.0 | 0.0 | 0.0 | - | - |
| (ग) सिल्क कालीन | 8.9 | 4.1 | 4.6 | -54.1 | 11.5 |
| **ङ. रत्न और आभूषण** | **11,747.2** | **19,619.8** | **15,732.3** | **67.0** | **-19.8** |
| **च. हस्तशिल्प** | **382.2** | **197.6** | **122.2** | **-48.3** | **-38.2** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **15,125.4** | **20,845.5** | **13,381.5** | **37.8** | **-35.8** |
| | **(17.1)** | **(16.9)** | **(14.2)** | | |
| **IV. अन्य** | **2,876.1** | **5,702.2** | **4,947.2** | **98.3** | **-13.2** |
| | **(3.3)** | **(4.6)** | **(5.2)** | | |
| **कुल निर्यात** | **88,233.6** | **123,037.6** | **94,378.6** | **39.4** | **-23.3** |

अ: अनंतिम. सं.: संशोधित.

**नोट :** कोष्ठकों के आंकड़े अवधि के लिए कुल निर्यात के प्रतिशत से संबद्ध हैं।

**स्रोत :** डीजीसीआइएंडएस

## विवरण 4: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - निर्यात

(मिलियन यूएस डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-अक्तूबर | | | प्रतिशत घटबढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. ओईसीडी देश** | **35,586.8** | **44,166.6** | **34,602.9** | **24.1** | **-21.7** |
| **क. यूरोपियन यूनियन** | **18,840.2** | **24,867.2** | **19,281.0** | **32.0** | **-22.5** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 2,428.6 | 3,121.0 | 1,954.7 | 28.5 | -37.4 |
| 2. फ्रांस | 1,393.0 | 1,812.3 | 1,789.6 | 30.1 | -1.2 |
| 3. जर्मनी | 2,845.3 | 3,924.9 | 2,856.1 | 37.9 | -27.2 |
| 4. इटली | 2,204.7 | 2,453.2 | 1,737.8 | 11.3 | -29.2 |
| 5. नीदरलैंड | 2,506.6 | 3,981.1 | 3,760.2 | 58.8 | -5.5 |
| 6. यूके | 3,794.6 | 4,251.1 | 3,434.5 | 12.0 | -19.2 |
| **ख. उत्तरी अमरीका** | **12,727.6** | **14,593.9** | **11,265.1** | **14.7** | **-22.8** |
| 1. कनाडा | 716.2 | 841.6 | 637.6 | 17.5 | -24.2 |
| 2. अमरीका | 12,011.4 | 13,752.3 | 10,627.5 | 14.5 | -22.7 |
| **ग. एशिया और ओशेनिया** | **2,651.0** | **2,930.9** | **2,787.0** | **10.6** | **-4.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. ऑस्ट्रेलिया | 674.3 | 916.9 | 781.7 | 36.0 | -14.7 |
| 2. जापान | 1,895.4 | 1,883.0 | 1,825.1 | -0.7 | -3.1 |
| **घ. अन्य ओईसीडी देश** | **1,368.0** | **1,774.5** | **1,269.8** | **29.7** | **-28.4** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. स्विटजरलैंड | 341.0 | 461.4 | 329.3 | 35.3 | -28.6 |
| **II. ओपेक** | **15,309.8** | **27,247.2** | **21,047.2** | **78.0** | **-22.8** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 971.3 | 1,813.1 | 1,835.5 | 86.7 | 1.2 |
| 2. ईरान | 1,424.2 | 1,584.9 | 1,070.5 | 11.3 | -32.5 |
| 3. इराक | 117.0 | 286.1 | 308.8 | 144.6 | 7.9 |
| 4. कुवैत | 370.7 | 520.9 | 433.3 | 40.5 | -16.8 |
| 5. सऊदी अरब | 1,965.8 | 3,724.0 | 2,370.7 | 89.4 | -36.3 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 8,966.5 | 17,157.1 | 12,837.4 | 91.3 | -25.2 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **976.4** | **1,376.3** | **936.7** | **41.0** | **-31.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. रूस | 506.6 | 746.3 | 514.3 | 47.3 | -31.1 |
| **IV. विकासशील देश** | **35,616.9** | **46,143.5** | **35,005.6** | **29.6** | **-24.1** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **25,860.9** | **33,695.4** | **26,385.0** | **30.3** | **-21.7** |
| **क) सार्क** | **4,635.1** | **5,604.7** | **4,261.0** | **20.9** | **-24.0** |
| 1. अफ़गानिस्तान | 136.6 | 218.1 | 295.8 | 59.6 | 35.6 |
| 2. बांग्लादेश | 1,241.4 | 1,648.7 | 1,260.2 | 32.8 | -23.6 |
| 3. भूटान | 49.1 | 67.0 | 57.2 | 36.3 | -14.6 |
| 4. मालदीव | 48.2 | 65.5 | 45.1 | 35.8 | -31.1 |
| 5. नेपाल | 752.8 | 982.2 | 748.5 | 30.5 | -23.8 |
| 6. पाकिस्तान | 917.1 | 922.1 | 878.6 | 0.5 | -4.7 |
| 7. श्रीलंका | 1,489.7 | 1,701.0 | 975.6 | 14.2 | -42.6 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **21,225.8** | **28,090.8** | **22,124.1** | **32.3** | **-21.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना | 4,718.3 | 5,339.1 | 4,819.6 | 13.2 | -9.7 |
| 2. हांगकांग | 3,532.6 | 4,392.3 | 4,257.0 | 24.3 | -3.1 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 1,362.9 | 2,245.5 | 1,555.6 | 64.8 | -30.7 |
| 4. मलेशिया | 1,237.3 | 1,795.2 | 1,767.1 | 45.1 | -1.6 |
| 5. सिंगापुर | 3,831.8 | 6,168.1 | 3,736.1 | 61.0 | -39.4 |
| 6. थाईलैंड | 1,014.9 | 1,389.6 | 923.7 | 36.9 | -33.5 |
| **आ. अफ्रीका** | **6,948.3** | **8,192.4** | **5,900.7** | **17.9** | **-28.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 131.6 | 123.0 | 110.0 | -6.5 | -10.6 |
| 2. मिस्र अरब गणराज्य | 757.6 | 1,233.8 | 731.1 | 62.9 | -40.7 |
| 3. केन्या | 720.4 | 981.3 | 889.1 | 36.2 | -9.4 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,466.9 | 1,363.0 | 1,272.8 | -7.1 | -6.6 |
| 5. सूडान | 223.0 | 293.8 | 251.1 | 31.8 | -14.5 |
| 6. तंजानिया | 326.1 | 720.3 | 552.9 | 120.9 | -23.2 |
| 7. जाम्बिया | 90.6 | 67.6 | 47.8 | -25.4 | -29.3 |
| **इ. लैटिन अमरीकी देश** | **2,807.6** | **4,255.6** | **2,719.9** | **51.6** | **-36.1** |
| **V. अन्य** | **610.5** | **996.4** | **343.7** | **63.2** | **-65.5** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **133.3** | **3,107.7** | **2,442.6** | **–** | **-21.4** |
| **कुल निर्यात** | **88,233.6** | **123,037.6** | **94,378.6** | **39.4** | **-23.3** |

अ:अनंतिम. सं. संशोधित.

**स्रोत:** डीजीसीआइएंडएस

## विवरण 5: भारत की प्रमुख जिंसों के आयात

(मिलियन यूएस डॉलर)

| पण्य / समूह | अप्रैल-अक्तूबर | | | प्रतिशत घटबढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. थोक आयात** | **60,168.5** | **102,674.8** | **66,150.3** | **70.6** | **-35.6** |
| | **(42.6)** | **(48.7)** | **(44.2)** | | |
| **अ. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पाद और संबंधित सामग्री** | **41,115.0** | **70,569.7** | **45,835.5** | **71.6** | **-35.0** |
| | **(29.1)** | **(33.5)** | **(30.6)** | | |
| **आ. थोक उपभोक्ता माल** | **2,553.8** | **2,652.0** | **4,454.7** | **3.8** | **68.0** |
| 1. गेहूँ | 117.3 | 0.0 | 0.0 | – | – |
| 2. अनाज और अनाज से बनी वस्तुएं | 21.5 | 27.5 | 25.3 | 27.9 | -8.0 |
| 3. खाद्य तेल | 1,673.5 | 1,884.8 | 2,919.1 | 12.6 | 54.9 |
| 4. दालें | 741.0 | 732.6 | 961.6 | -1.1 | 31.3 |
| 5. चीनी | 0.5 | 7.1 | 548.6 | – | – |
| **इ. अन्य थोक मदें** | **16,499.7** | **29,453.1** | **15,860.1** | **78.5** | **-46.2** |
| 1. उर्वरक | 2,965.3 | 10,231.8 | 4,056.9 | 245.0 | -60.4 |
| क) क्रूड | 242.5 | 684.1 | 356.9 | 182.1 | -47.8 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइराइट | 129.7 | 596.0 | 57.0 | 359.6 | -90.4 |
| ग) विनिर्मित माल | 2,593.2 | 8,951.6 | 3,643.0 | 245.2 | -59.3 |
| 2. अलौह धातुएं | 1,964.7 | 4,959.0 | 1,732.0 | 152.4 | -65.1 |
| 3. कागज, पेपरबोर्ड और अखबारी कागज सहित विनिर्मित वस्तुएं | 827.3 | 1,195.4 | 834.5 | 44.5 | -30.2 |
| 4. कच्चे रबड़, सिंथेटिक और उद्धारित सहित | 437.8 | 677.1 | 557.9 | 54.7 | -17.6 |
| 5. लुगदी और कागज अपशिष्ट | 454.4 | 534.0 | 450.1 | 17.5 | -15.7 |
| 6. लौहधातु अयस्क और धातु स्क्रैप | 4,661.1 | 5,659.4 | 3,694.6 | 21.4 | -34.7 |
| 7. लोहा और इस्पात | 5,189.1 | 6,196.5 | 4,534.1 | 19.4 | -26.8 |
| **II. गैर थोक आयात** | **80,912.1** | **108,190.0** | **83,666.4** | **33.7** | **-22.7** |
| | **(57.4)** | **(51.3)** | **(55.8)** | | |
| **अ. पूंजीगत माल** | **30,928.1** | **45,217.6** | **34,315.2** | **46.2** | **-24.1** |
| 1. धातुओं की विनिर्मित वस्तुएं | 1,253.2 | 2,075.4 | 1,344.2 | 65.6 | -35.2 |
| 2. मशीन टूल्स | 1,141.8 | 1,487.6 | 910.4 | 30.3 | -38.8 |
| 3. मशीनरी, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर | 10,044.6 | 13,811.9 | 10,780.2 | 37.5 | -21.9 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनरी | 1,624.8 | 2,453.4 | 1,798.4 | 51.0 | -26.7 |
| 5. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान | 12,659.9 | 15,493.8 | 13,555.3 | 22.4 | -12.5 |
| 6. परिवहन उपस्कर | 3,457.5 | 8,071.1 | 3,491.5 | 133.4 | -56.7 |
| 7. परियोजना माल | 746.3 | 1,824.3 | 2,435.1 | 144.5 | 33.5 |
| **आ. मुख्य रूप से निर्यात संबद्ध मदें** | **12,843.0** | **22,558.1** | **15,548.6** | **75.6** | **-31.1** |
| 1. मोती, बहुमूल्य और अर्द्ध कीमती पत्थर | 5,486.4 | 11,634.3 | 7,087.4 | 112.1 | -39.1 |
| 2. रसायन, कार्बनिक और अकार्बनिक | 5,649.9 | 8,817.7 | 6,613.8 | 56.1 | -25.0 |
| 3. वस्त्र यार्न, फैब्रिक, आदि | 1,444.0 | 1,659.1 | 1,451.5 | 14.9 | -12.5 |
| 4. काजू, कच्चा | 262.7 | 447.0 | 395.9 | 70.2 | -11.4 |
| **इ. अन्य** | **37,140.9** | **40,414.3** | **33,802.9** | **8.8** | **-16.4** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 12,709.7 | 16,749.7 | 14,013.3 | 31.8 | -16.3 |
| 2. कृत्रिम रेजिन और प्लास्टिक सामग्री | 2,101.9 | 2,581.7 | 2,747.8 | 22.8 | 6.4 |
| 3. प्रोफेशनल उपकरण, इलेक्ट्रिकल को छोड़कर | 1,725.8 | 2,679.6 | 2,079.6 | 55.3 | -22.4 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 3,465.0 | 6,805.7 | 4,879.0 | 96.4 | -28.3 |
| 5. दवा और फार्मास्यूटिकल उत्पाद | 982.4 | 1,122.9 | 1,170.4 | 14.3 | 4.2 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 931.2 | 1,373.6 | 1,320.2 | 47.5 | -3.9 |
| 7. गैर धात्विक खनिज विनिर्मित वस्तुएं | 577.7 | 774.3 | 604.0 | 34.0 | -22.0 |
| **कुल आयात** | **141,080.6** | **210,864.8** | **149,816.7** | **49.5** | **-29.0** |
| *ज्ञापन मदें:* | | | | | |
| **गैर तेल आयात** | **99,965.6** | **140,295.1** | **103,981.2** | **40.3** | **-25.9** |
| **गैर तेल आयात, सोने और चांदी को छोड़कर** | **87,255.8** | **123,545.4** | **89,967.8** | **41.6** | **-27.2** |
| **मुख्य रूप से औद्योगिक निविष्टियां *** | **80,383.1** | **109,262.2** | **79,790.7** | **35.9** | **-27.0** |

अ:अनंतिम. सं. संशोधित.

* : गैर तेल आयात; सोने और चांदी, थोक उपभोक्ता माल, विनिर्मित उर्वरक और प्रोफेशनल उपकरणों को घटाकर।

**नोट:** कोष्ठकों के आंकड़े अवधि के लिए कुल आयात के प्रतिशत से संबद्ध हैं।

**स्रोत:** डीजीसीआइएंडएस

## विवरण 6: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन यूएस डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-अक्तूबर | | | प्रतिशत | घटबढ़ |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. ओईसीडी देश** | **45,521.3** | **65,738.1** | **48,549.4** | **44.4** | **-26.1** |
| **अ. यूरोपियन यूनियन** | **19,507.6** | **27,898.1** | **20,058.4** | **43.0** | **-28.1** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 3,066.9 | 4,371.1 | 3,043.6 | 42.5 | -30.4 |
| 2. फ्रांस | 1,369.6 | 2,957.0 | 1,682.2 | 115.9 | -43.1 |
| 3. जर्मनी | 5,185.4 | 7,081.3 | 5,560.2 | 36.6 | -21.5 |
| 4. इटली | 2,077.2 | 2,966.8 | 2,002.6 | 42.8 | -32.5 |
| 5. नीदरलैंड | 924.5 | 1,265.0 | 1,079.2 | 36.8 | -14.7 |
| 6. यूके | 3,000.9 | 4,017.5 | 2,453.6 | 33.9 | -38.9 |
| **आ. उत्तरी अमरीका** | **8,859.9** | **13,755.4** | **9,886.7** | **55.3** | **-28.1** |
| 1. कनाडा | 1,021.3 | 1,480.2 | 1,117.6 | 44.9 | -24.5 |
| 2. अमरीका | 7,838.7 | 12,275.2 | 8,769.1 | 56.6 | -28.6 |
| **ग. एशिया और ओशेनिया** | **8,811.1** | **12,937.7** | **10,326.2** | **46.8** | **-20.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. ऑस्ट्रेलिया | 5,060.2 | 7,545.1 | 6,368.8 | 49.1 | -15.6 |
| 2. जापान | 3,551.1 | 5,122.5 | 3,671.5 | 44.3 | -28.3 |
| **घ. अन्य ओईसीडी देश** | **8,342.7** | **11,146.9** | **8,278.2** | **33.6** | **-25.7** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. स्विटजरलैंड | 6,855.1 | 9,231.6 | 6,770.9 | 34.7 | -26.7 |
| **II. ओपेक** | **40,665.0** | **73,728.9** | **46,766.0** | **81.3** | **-36.6** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 2,730.1 | 3,988.2 | 4,612.8 | 46.1 | 15.7 |
| 2. ईरान | 5,594.6 | 8,782.0 | 6,647.1 | 57.0 | -24.3 |
| 3. ईराक | 3,319.8 | 6,103.1 | 3,980.9 | 83.8 | -34.8 |
| 4. कुवैत | 3,676.1 | 7,124.9 | 4,192.8 | 93.8 | -41.2 |
| 5. सऊदी अरब | 9,678.6 | 15,174.1 | 8,614.7 | 56.8 | -43.2 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 7,310.1 | 17,667.4 | 8,844.1 | 141.7 | -49.9 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2,169.4** | **4,586.2** | **3,562.1** | **111.4** | **-22.3** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. रूस | 1,330.0 | 2,914.2 | 2,264.0 | 119.1 | -22.3 |
| **IV. विकासशील देश** | **44,368.3** | **65,591.1** | **49,936.0** | **47.8** | **-23.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **35,803.8** | **53,131.8** | **39,799.0** | **48.4** | **-25.1** |
| **क) सार्क** | **1,000.1** | **1,210.9** | **858.3** | **21.1** | **-29.1** |
| 1. अफ़ग़ानिस्तान | 46.4 | 69.9 | 55.0 | 50.6 | -21.2 |
| 2. बांग्लादेश | 163.0 | 216.8 | 144.4 | 33.0 | -33.4 |
| 3. भूटान | 117.0 | 98.4 | 78.6 | -15.9 | -20.1 |
| 4. मालदीव | 2.3 | 2.6 | 1.0 | 12.7 | -59.8 |
| 5. नेपाल | 244.2 | 328.4 | 251.7 | 34.5 | -23.3 |
| 6. पाकिस्तान | 149.4 | 262.1 | 144.1 | 75.5 | -45.0 |
| 7. श्रीलंका | 277.9 | 232.7 | 183.4 | -16.3 | -21.2 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **34,803.7** | **51,920.9** | **38,940.7** | **49.2** | **-25.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना | 15,343.7 | 21,501.6 | 17,345.0 | 40.1 | -19.3 |
| 2. हांगकांग | 1,631.1 | 3,902.8 | 2,237.4 | 139.3 | -42.7 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 3,264.1 | 5,916.3 | 4,243.2 | 81.3 | -28.3 |
| 4. मलेशिया | 3,439.8 | 4,855.1 | 2,790.3 | 41.1 | -42.5 |
| 5. सिंगापुर | 4,192.7 | 5,160.7 | 3,507.9 | 23.1 | -32.0 |
| 6. थाईलैंड | 1,391.0 | 1,774.5 | 1,670.1 | 27.6 | -5.9 |
| **आ. अफ्रीका** | **5,491.6** | **8,957.3** | **6,558.2** | **63.1** | **-26.8** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 57.3 | 100.0 | 106.8 | 74.4 | 6.8 |
| 2. मिस्र अरब गणराज्य | 1,136.6 | 1,363.3 | 940.8 | 19.9 | -31.0 |
| 3. केन्या | 50.6 | 49.8 | 45.9 | -1.6 | -7.8 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 2,235.7 | 3,848.9 | 3,072.1 | 72.2 | -20.2 |
| 5. सूडान | 150.4 | 330.2 | 246.5 | 119.6 | -25.4 |
| 6. तंज़ानिया | 38.9 | 52.6 | 103.3 | 35.1 | 96.4 |
| 7. ज़ाम्बिया | 60.8 | 95.5 | 54.6 | 57.1 | -42.8 |
| **इ. लैटिन अमरीकी देश** | **3,073.0** | **3,502.1** | **3,578.9** | **14.0** | **2.2** |
| **V. अन्य** | **7,977.8** | **540.6** | **335.0** | **-93.2** | **-38.0** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **378.8** | **679.8** | **668.1** | **79.5** | **-1.7** |
| **कुल आयात** | **141,080.6** | **210,864.8** | **149,816.7** | **49.5** | **-29.0** |

अ:अनंतिम. सं. संशोधित.

**स्रोत:** डीजीसीआइएंडएस